भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 110
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)

बेरोजगारी की स्थिति

110. श्री अमरा राम:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में बेरोजगारी का राज्य-वार आंकड़ा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किए जाने संबंधी प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करंदलाजे)

(क) से (ख): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2020-21, वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) क्रमशः 4.2%, 4.1% और 3.2% थी। यह आंकड़ों दर्शाते हैं कि देश में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध** में हैं।

नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। तदनुसार, भारत सरकार ने देश भर में रोजगार के अवसरों का सृजन करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय/विभाग जैसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय आदि विभिन्न रोजगार सृजन योजनाएं/कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहे हैं जैसे प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्व-रोजगार और प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम), प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), आदि। भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न रोजगार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों का विवरण https://dge.gov.in/dge/schemes_programmes पर देखा जा सकता है।

*****

अनुबंध

लोक सभा के दिनांक 22.07.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 110 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) (% में)

राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	**यूआर**
आंध्र प्रदेश	4.1
अरुणाचल प्रदेश	4.8
असम	1.7
बिहार	3.9
छत्तीसगढ	2.4
दिल्ली	1.9
गोवा	9.7
गुजरात	1.7
हरियाणा	6.1
हिमाचल प्रदेश	4.3
झारखंड	1.7
कर्नाटक	2.4
केरल	7.0
मध्य प्रदेश	1.6
महाराष्ट्र	3.1
मणिपुर	4.7
मेघालय	6.0
मिजोरम	2.2
नागालैंड	4.3
ओडिशा	3.9
पंजाब	6.1
राजस्थान	4.4
सिक्किम	2.2
तमिलनाडु	4.3
तेलंगाना	4.4
त्रिपुरा	1.4
उत्तराखंड	4.5
उत्तर प्रदेश	2.4
पश्चिम बंगाल	2.2
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	9.7
चंडीगढ़	4.0
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	2.5
जम्मू एवं कश्मीर	4.4
लद्दाख	6.1
लक्षद्वीप	11.1
पुडुचेरी	5.6
अखिल भारत	3.2

स्रोत: पीएलएफएस रिपोर्ट जून 2022-जुलाई 2023